भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या – 4669

दिनांक 20.03.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

इजराइल के प्रधानमंत्री की यात्रा

4669.श्रीमती माला राय

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या इजराइल के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा सुरक्षा करणों से रद्द हो गई थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) भारत और इजराइल के प्रधानमंत्रियों की हालिया यात्रा किस तिथि को निर्धारित की गई थी; और
(ग) उक्त यात्रा के उद्देश्यों/प्रयोजन का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क से ग) उच्च स्तरीय यात्राओं की योजना पहले से तैयार की जाती है, जिसमें राष्ट्रीय हित, विदेश नीति की प्राथमिकताएं और सुरक्षा आकलन को ध्यान में रखा जाता है। हाल ही में इजराइल के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा निर्धारित या रद्द नहीं की गई थी।

इज़राइल के प्रधानमंत्री श्री बेंजामिन नेतन्याहू के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 25-26 फरवरी, 2026 को इज़राइल की आधिकारिक यात्रा की। इस यात्रा को जनवरी 2026 की शुरुआत में अंतिम रूप दिया गया था।

इस यात्रा के दौरान दोनों नेताओं ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार, अनुसंधान, महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, साइबर सुरक्षा, कृषि, जल प्रबंधन, उद्यमिता, रक्षा, व्यापार, अर्थव्यवस्था और लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित सहयोग घनिष्ठ बनाने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को "शांति, नवाचार और समृद्धि के लिए विशेष रणनीतिक साझेदारी" तक बढ़ाने का निर्णय लिया। इस यात्रा के दौरान 16 करारों / समझौता ज्ञापनों / प्रोटोकॉल का भी आदान-प्रदान किया गया।

*****